# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## प्रेस निविदा सूचना सं. 20/ एफओ टू सीई (ईएल) 08-09

## लिफ्ट्स हेतु पूर्व-योग्यता

कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट.), सीडब्ल्यूजी-I, एम.पी. ग्रीन क्षेत्र, शकरपुर, डीडीए ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली-110092 द्वारा डीडीए की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए पूर्व-योग्यता हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत<br>धरोहर राशि<br>निविदा का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सीरी फोर्ट स्टेडियम में सीडब्ल्यूजी-2010 हेतु बेडमिंटन व स्क्वॉश कोर्ट के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण। **उपशीर्षः** लिफ्ट्स की एसआईटीसी (7 नग, 13 पैसेंजर) | रु. 173 लाख<br>रु. 3.46 लाख<br>रु. 1000/- | 12 महीने |
| 2. | यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सीडब्ल्यूजी-2010 हेतु टेबल टेनिस के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण। **उपशीर्षः** लिफ्ट्स की एसआईटीसी (3 नग, 13 पैसेंजर) | रु. 82.30 लाख<br>रु. 1.646 लाख<br>रु. 1000/- | 12 महीने |

1. समान प्रकृति के कार्यों हेतु सूचीबद्ध/अनुमोदित फर्में सीपीडब्ल्यूडी की उपयुक्त श्रेणी में हों

**अथवा**

2. वह जो निम्नलिखित मानदंड की पूर्ति करती हो :-
   **'लिफ्ट्स के एसआईटीसी'** हेतु आवेदक को 31 अगस्त, 2001 को या उसके बाद केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/सरकारी उपक्रम/ स्वायत्त निकायों में निष्पादित किए हुए तथा समान प्रकृति के तीन कार्यों जिनका मूल्य अनुमानित लागत से 40% से कम न हो **अथवा** समान प्रकृति के दो कार्यों जिनका मूल्य अनुमानित लागत से 50% से कम न हो **अथवा** 80% की अनुमानित लागत का एक कार्य, के समापन सर्टिफिकेट की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी, जोकि किसी अधिकारी जिसकी रैंक कार्यकारी अभियंता से नीचे न हो द्वारा जारी की गई हो, जमा करनी होगी।
3. उपरोक्त वर्णित कार्यों के पात्रता मानदंड निर्धारण करने हेतु प्राप्त मामलों की समीक्षा करते समय किसी प्रतिष्ठान द्वारा पूर्व निष्पादित कार्य के लागत मूल्य में कार्य निष्पादन की वास्तविक तिथि से 7% वार्षिक की दर से वृद्धि को कंपाउंड किए बिना जोड़कर पूर्व निष्पादित कार्य की लागत को वर्तमान लागत के समान स्तर पर लाया जाएगा।
4. जिन्होंने उपरोक्त कार्य की पूर्व-योग्यता हेतु पहले ही आवेदन किया है, उन्हें दुबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी यदि वह चाहें तो अपने आवेदन के साथ पूर्व-योग्यता हेतु किसी अतिरिक्त दस्तावेज़ का अनुपूरक संलग्न कर सकते हैं, वरना उनके पूर्व आवेदन पर नए आवेदकों के साथ विचार कर लिया जाएगा।
5. यदि निर्धारित मानदंड को पूरी करती हुई अधिक मात्रा में बोलियाँ प्राप्त होती हैं तो विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भावी आवेदन को निरस्त करने तथा योग्य ठेकेदारों की सूची को उनके द्वारा सुयोग्य मानी जाने वाली संख्या तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
6. योग्य आवेदकों को प्रत्येक विषय में रु. 1000/- (नकद) के मूल्य पर निविदाएँ खरीदने के लिए सूचित कर दिया जाएगा।
7. प्रत्येक कार्य के लिए आवेदन को अलग लिफाफे में हर एक कार्य के लिए पृथक अनुलग्नकों के साथ जमा करना होगा।
8. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **3 अक्टूबर, 2008** है।

**डीडीए वेबसाइट www.dda.org.in देखें**